# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना ढेबरुआ पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता मुहचोरवा घाट हत्याकाण्ड का सनसनीखेज खुलासा, हत्या में शामिल 04 अभियुक्तगण गिरफ्तार।**

**◆अवैध सम्बन्ध, घरेलू विवाद और ₹1.10 लाख की सुपारी से रची गयी हत्या की साजिश, पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर करायी हत्या।**

**◆हत्या के बाद शव नदी में फेंककर ई-रिक्शा को दुर्घटना का रूप देने का किया गया प्रयास, आलाकत्ल चाकू सहित 06 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, नकदी व एयर इण्डिया टिकट बरामद।**

दिनांक 30.08.2026 की रात्रि मुहचोरवा घाट बुढ़ी राप्ती नदी, रामनगर के पास हरिश्चन्द्र पुत्र स्व0 रामगुलाम निवासी कपियवा थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर की हत्या कर शव को नदी में फेंकने तथा ई-रिक्शा को दुर्घटना का रूप देने की घटना के सम्बन्ध में थाना ढेबरुआ पर मु0अ0सं0 120/2026 धारा 103(1) BNS पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में जनपदीय SOG एवं थाना ढेबरुआ पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में दिनांक 08.09.2026 को जनपदीय SOG प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय मय टीम एवं थानाध्यक्ष ढेबरुआ चन्द्रकान्त पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा कस्बा बढ़नी स्थित पचपेड़वा तिराहा पर अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में चर्चा/चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 120/2026 में संलिप्त अभियुक्त इरशाद पुत्र मुनीर अपने दो साथियों के साथ दुधवनिया बुजुर्ग नहर के रास्ते धनौरा की तरफ जाने वाला है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दुधवनिया बुजुर्ग पुल से नहर की तरफ जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान अभियुक्तगण द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी, जिसके आधार पर मुहचोरवा घाट हत्याकाण्ड की पूरी साजिश का खुलासा हुआ। अभियुक्तगण की निशानदेही पर मुहचोरवा घाट से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया। बरामदगी की निशानदेही अभियुक्त अब्दुल्ला एवं इरशाद द्वारा की गयी, जिसे विधिवत सील कर नमूना मोहर तैयार किया गया। प्रकाश में आये तथ्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण इरशाद, अब्दुल्ला, नियाज अहमद एवं माया देवी की नामजदगी करते हुए धारा 61(2), 3(5), 238 BNS की बढ़ोत्तरी की गयी तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को ₹20,000 नकद से पुरस्कृत किया गया।

**पूछताछ में खुली हत्या की पूरी साजिश—**गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मृतक हरिश्चन्द्र की पत्नी माया देवी पत्नी हरिश्चन्द्र अग्रहरि निवासी ग्राम कपियवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर का अभियुक्त नियाज अहमद पुत्र रौआब अली से अवैध सम्बन्ध था। अभियुक्त नियाज अहमद द्वारा माया देवी का खर्च भी चलाया जाता था।अभियुक्तगण के अनुसार मृतक हरिश्चन्द्र शराब का सेवन करता था तथा शराब के नशे में अपनी पत्नी माया देवी के साथ मारपीट करता था। इससे परेशान होकर माया देवी अपने पति हरिश्चन्द्र को रास्ते से हटाना चाहती थी तथा पिछले कई महीनों से अभियुक्त नियाज अहमद पर हरिश्चन्द्र की हत्या कराने के लिए दबाव बना रही थी।पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि माया देवी के लगातार दबाव के चलते अभियुक्त नियाज अहमद द्वारा हरिश्चन्द्र की हत्या कराने की योजना बनायी गयी तथा हत्या के लिए अभियुक्तगण को कुल ₹1,10,000/- (एक लाख दस हजार रुपये) देने की बात बतायी गयी। पूर्व नियोजित योजना के तहत अभियुक्तगण द्वारा हरिश्चन्द्र को मुहचोरवा घाट के पास ले जाया गया, जहां चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी।हत्या के बाद पुलिस एवं परिजनों को गुमराह करने तथा घटना को दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से मृतक के शव को बुढ़ी राप्ती नदी में फेंक दिया गया तथा उसके ई-रिक्शा को नदी की ओर इस प्रकार लटका दिया गया, जिससे घटना प्रथम दृष्टया दुर्घटना प्रतीत हो। हत्या की साजिश में मृतक की पत्नी माया देवी की भूमिका भी प्रकाश में आयी। पूछताछ से प्राप्त तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस द्वारा माया देवी को भी घटना में संलिप्त पाते हुए दिनांक 08.09.2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार मुहचोरवा घाट हत्याकाण्ड में शामिल कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण—**

01.इरशाद पुत्र मुनीर निवासी ग्राम कपिया थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 30 वर्ष।

02.अब्दुल्ला पुत्र कमाल अहमद निवासी ग्राम रमवापुर उर्फ विशुनपुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 24 वर्ष।

03.नियाज अहमद पुत्र रौआब अली निवासी ग्राम कपिया थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 30 वर्ष।

04.माया देवी पत्नी मृतक हरिश्चन्द्र अग्रहरि निवासी ग्राम कपियवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 35 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण—** 01 अदद चाकू (आलाकत्ल), 06 अदद मोबाइल फोन, 02 अदद आधार कार्ड, 01 अदद पैन कार्ड, ₹600/- नकद, 01 अदद एयर इण्डिया का टिकट।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण—**

01-उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय थानाध्यक्ष ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

02-निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय प्रभारी SOG जनपद सिद्धार्थनगर।

03-उ0नि0 हरेंद्र चौहान, उ0नि0 शशिकान्त सर्विलांस सेल/साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

04-उ0नि0वीरेंद्र यादव चौकी प्रभारी बढ़नी, उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार पासवान, उ0नि0 राजाराम यादव थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।

05-जनपदीय SOG टीम/सर्विलांस सेल- हे0का0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, मनिंद्र प्रताप चंद, आशुतोष धर द्विवेदी, का0 वीरेंद्र त्रिपाठी, रोहित चौहान, छविराज यादव, सत्येंद्र यादव एवं हे. का. विवेक मिश्रा सर्विलांस सेल,सिद्धार्थनगर।

06- थाना ढेबरुआ पुलिस टीम—हे0का0 अवनीश प्रताप सिंह, का0 प्रबल कुमार, का0 राजकमल, का0 भानु प्रताप सिंह — चालक, उ0नि0 वीरेन्द्र यादव एवं का0 अर्जुन यादव, का0 सागर जायसवाल।

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 नफ़र वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी बांसी श्री सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी की गिरफ्तारी अभियान में थाना स्थानीय पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय ASJ/SPL/POCSO जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा जारी वारण्ट वाद संख्या 581/22, अपराध संख्या 44/22 धारा 363,366,376 भादवि0 व 5/6,7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी की गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण**

01.शिवांगी पुत्री चेतन निवासी कबरा थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

1.उ0नि0 श्री हरिन्द्र प्रसाद यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.म0का0 प्रतिमा दूबे थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 08.09.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 03, पारिवारिक विवाद 05, तथा शेष 09 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरहना में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 8/09/2026*को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय सदर श्री विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम सेमरहना थाना उसका बाजार में जाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी दिया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0  कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

1.उपनिरीक्षक जयप्रकाश पांडेय

2.म0का0 कालिंदी यादव

3.म 0का खुशबू सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भैसहिया में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 08.09.2026 थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के **ग्राम भैसहिया में** महिलाओं/बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 अरविंद तिवारी

2 हेड कांस्टेबल हरेंद्र यादव

3.कां0 रामवीर यादव

4.म0का0 कालिंदी मौर्य, प्रियंका यादव

# प्रेस नोट दिनांक 12.08.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थानाक्षेत्र के मदरसा तालीमुल इस्लाम एजुकेशनल सोशल वेलफेयर सोसायटी ग्राम कड़जहवा की बालिकाओं को महिला अपराध, नये कानून, तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार थाना कठेला समय माता के कुशल नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत मदरसा तालीमुल इस्लाम एजुकेशनल सोशल वेलफेयर सोसायटी ग्राम कड़जहवा में बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाये जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,101अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव

02.म0का0 मीरा रानी

03.म0का0 अल्का कुमारी

04.म0का0 प्रिया

# प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्रीमती शोहरता देवी पब्लिक स्कूल मधुकरपुर थाना इटवा" जनपद सिद्धार्थनगर में की बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम, साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय इटवा पविन प्रकाश के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्री मती शोहरता देवी पब्लिक स्कूल मधुकर पुर थाना इटवा" जनपद सिद्धार्थनगर की बालिकाओं को साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून संबंधी बातों को बताते हुए कार्यक्रम के अंतर्गत महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 बल राम चौबे

02.आरक्षी जय यादव, रवि कुमार

03.म०आ० साधना यादव, प्रज्ञा पटेल, रविता यादव, गुंजन कुमारी

# **प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆**मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के** ग्राम भालुकोनी जप्ती **की महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 08/09/2026 थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम भालुकोनी जप्ती की बेटी- बहू का जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर जागरूक किया अथवा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी।मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार--**

1-उ0नि0 मलखा प्रसाद
2-का0 राहुल गुप्ता
3-म0आ0 नेहा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के अचीवर्स सेन्ट्रल एकेडमी जुगनिहिवा पोखरिया में मिशन मजनू/साईबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के **अचीवर्स सेन्ट्रल एकेडमी जुगनिहिवा पोखरिया** में मिशन मजनू के तहत बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह

2.का0 मनीष सिंह

3.रि0म0आ0 खुशबू वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 08.09.2026 को वाद सं0 295/23 मु0अ0सं0 24/23 धारा 376(3),506 भादवि व 5J(ii)/6 पाक्सों एक्ट थाना इटवा मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/एसपील/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त वासुदेव विश्वकर्मा पुत्र श्रीराम विश्वकर्मा निवासी खुनियाव लक्ष्मीनगर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 376(3), भादवि सपठित धारा 5J(ii)/6 पाक्सों एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 08.09.2026 को श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के कुशल नेतृत्व मे थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय इंटर कॉलेज की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण-**

1.उ0 नि0 विरेन्द्र कुमार
2.म0उ0नि0 मीरा वर्मा
4.म0का0 रेनू
5.का0 मनु कुमार साह

# प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरूआ का औचक निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को दिये गयें आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 08.09.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरूआ का औचक निरीक्षण किया गया। थाने के परिसर, मेस ,कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना, मिशन शक्ति केन्द्र व विभिन्न रजिस्टरों(अपराध, भूमि-विवाद, महिला अपराध से सम्बन्धित आर्डर बुक, प्रार्थना-पत्र रजिस्टर व वादी को दी जाने वाली पर्ची) का निरीक्षण किया गया एवं थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु  संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयें। इस दौरान थाना ढेबरूआ पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र ढेबरुआ में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 08.09.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र ढेबरुआ में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया। तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान थाना ढेबरुआ के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी के अवसर पर होने वाले गणेश प्रतिमा के विसर्जन स्थल बघनी घाट, पेदा घाट, बिशनपुरवा घाट का निरीक्षण किया गया ।**

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय डुमरियागंज श्री बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा आज दिनांक 08/09/2026 को आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी के अवसर पर होने वाले गणेश प्रतिमा के विसर्जन स्थल बघनी घाट, पेदा घाट, बिशनपुरवा नहर का भ्रमण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## <u>प्रेस नोट दिनांक 08.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 08.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।